
खबर संक्षेप



## दीपदान कार्यक्रम से मतदान करने का संदेश

**कटनी।** स्वीप गतिविधियों के तहत शाम को सेल्फी प्वाइंट प्रस्तावित भारत माता चौक के पास दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा, पृथ्वीराज सिंह, रामकिंकर तिवारी, अमित शर्मा, शिव कुमार द्विवेदी, संदीप मलिक, बिहारी यादव, शकंर राव, अतुल पांडे, पार्वती शुक्ला, रज्जाक खान, प्रेमलता तिवारी, सुषमा शुक्ला, अनिल उपाध्याय, देवेंद्र पांडे प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति रही। उपस्थित जनों ने 100 प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया।

## बड़गांव में बनाया नया उपार्जन स्थल

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन कार्य में किसानों की सुविधा के मद्देनजर कलेक्टर अवि प्रसाद ने रीठी तहसील में नया उपार्जन स्थल श्याम श्री वेयर हाउस बड़गॉव और उपार्जन संस्था कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी को बनाये जाने के संबंध मे शनिवार को आदेश जारी किया है। इसी के साथ अब जिले में चना, मसूर एवं सरसों के 4 उपार्जन स्थल हो गए है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शनिवार को जारी आदेश के बाद अब जिले मे चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन कार्य हेतु कुल 4 संस्थाएं हो गई है। ई- उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत पात्र किसानों से उपार्जन किया जायेगा। राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं राई सरसों के उपार्जन हेतु नीति जारी की गई है। इसके तहत अच्छी गुणवत्ता एफ.ए.क्यू चना, मसूर एवं सरसों का समर्थन मूल्य पर 31 मई तक उपार्जन किया जायेगा। इसके लिए चना 5440 रूपये प्रति क्विंटल, मसूर 6425 रूपये प्रति क्विंटल तथा राई व सरसों 5650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों खरीदा जायेगा। गोदाम का वैध डव्ल्यू .डी .आर.ए लायसेंस वाले जो तीन गोदाम है। उनमे कटनी तहसील में उपार्जन स्थल रूचि वेयर हाउस सी.डव्ल्यू सी एवं उपार्जन संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति चाका कैलवाराकला, विजयराघवगढ़ तहसील मे उपार्जन स्थल रिया वेयर हाउस देवराकला एवं उपार्जन संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति अमेहटा नन्हवारा तथा ढीमरखेड़ा तहसील में उपार्जन स्थल शिवान्या वेयर हाउस एवं उपार्जन संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति झिन्ना पिपरिया शामिल है।

## कुंए में डूबने से थम गई बालिका की सांसें

**कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम सुपेली में कुंए में डूबने से एक बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रैपुरा गांव निवासी खेमराज की 5 वर्षीय पुत्री सुपेली गांव अपने ननिहाल आई थी। गत दिवस व खेत में बने कुंए के पास पानी लेने गई इसी बीच पैर फिसल जाने से वह कुंए में गिर गई।

### मालवाहक वाहनों में श्रमिकों एवं मजदूरों को ले जाने के मामले में मनमानी

# जिम्मेदारों की अनदेखी एवं चालकों की मनमानी से जोखिम का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

नियमों को दरकिनार कर मालवाहक वाहनों में ओवरलोड सवारियां ढोई जा रही हैं। परिवहन व्यवस्था के नाम पर मजदूरों और गरीबों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में लोडिंग वाहनों के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान में मजदूरी कराने मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह ढोया जा रहा है। कई बार ओवरलोडिंग के चलते हादसे भी हो चुके हैं जिसमें मजदूरों की जाने भी जा चुकी है बावजूद इसके जिम्मेदार अमला इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे मनमानी चल रही है।

गौरतलब है कि लोडर वाहन में मजदूरों को भरकर ले जाने के नजारे आसानी से देखे जा सकते हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में लोडर वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर हादसों को न्यौता दिया जा रहा है। कई बार तो ओवरलोडेड वाहन थाने के सामने से गुजर जाते हैं। इसके बाद भी पुलिस के आला अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन ओवर लोड वाहनों



पर न तो परिवहन विभाग के ओर से कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही पुलिस प्रशासन इसकी ओर कोई ध्यान दे रहा है।

वैवाहिक सीजन में भी गरीब तबके के लोग ट्रेक्टरों व पिकअप वाहनों के माध्यम से सफर करते हैं। कुछ क्षेत्रों में बसों का संचालन नहीं होने और बसों के अधिक खर्च से बचने के लिए से लोग लोडर वाहनों में सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दूसरी ओर श्रमिक वर्ग के लोग इस तरह का जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं। ठेकेदारों द्वारा मजदूरी कराने के लिए मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह लोडिंग वाहनों में ले जाते हैं। कई बार दुर्घटना हो जाने के बाद पुलिस लीपापोती में जुट जाती है , वहीं आला अफसर जांच का आश्वासन देकर जिम्मेदारियों से इतिश्री कर कर लेते हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूर वर्ग अक्सर मालवाहकों में ठूंस ठूंसकर सफर तय करते देखे जा सकते हैं।

गरीब वर्ग के लोगों को पैसा और पर्याप्त यातायात सुविधा न होने के चलते उन्हें मालवाहक वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीण अंचलों में नजारे को देखकर लोगों के होश उड़ जाते हैं जब ठूंस-ठूंस कर सवारियों को भरा जाता है। मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। वाहनों की बीमा पॉलिसी में भी सवारियां ढोने पर किसी प्रकार का क्लेम न देने का उल्लेख होता है।

### ओवरलोडिंग से हो चुके हैं हादसे

आटो, ट्रेक्टर व पिकअप वाहनों में ओवरलोड सवारियां भरने पर पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं। हादसों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सवारी और लोडिंग वाहनों में ओवरलोडिंग रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इससे बैखौफ होकर वाहन संचालक वाहनों में ओवरलोडिंग करते देखे जा सकते हैं। यह वाहन थानों के सामने से भी गुजरते हैं। इसके बाद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।



## जैविक कृषि प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्या डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में एकीकृत जैविक कृषि प्रणाली के अंतर्गत कृषि के साथ पशुपालन फसल उत्पादन फल उत्पादन सब्जी उत्पादन, औषधीय खेती केंचुआ खाद निर्माण, मशरूम उत्पादन ,मछली पालन ,मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन आदि से घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति एवं अतिरिक्त आय प्राप्त करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। कृषि में फसल उत्पादन अधिकतर मौसम आधारित होने के कारण विपरीत मौसम परिस्थितियों में आशान्वित उपज प्राप्त नहीं हो पाती इससे कृषक की आय पर प्रभाव पड़ता है। जो आर्थिक व सामाजिक दृष्टिकोण से भी कृषक को प्रभावित करता है। इस हेतु यह आवश्यक हो गया है की कृषि में फसल के साथ-साथ अन्य घटकों को भी समेकित किया जाए जिससे किसान को सतत आए मिलती रहे साथ ही विभिन्न घटकों के अवशेषों को भी संसाधनों के रूप में पुनर्चक्रण किया जाए जो पर्यावरण की दृष्टि से भी लाभकारी हो का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

*स्लॉट बुकिंग के बाद बुलाने पर आध घंटे में आ जाता है नंबर*

## किसानों की सुविधा के लिए 10 उपार्जन केन्द्रों को किया साइलो बैग से संबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट मे आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में किसान हित में बड़ा निर्णय लेते हुए कलेक्टर ने जिले के 10 उपार्जन केन्द्रों को साइलो बैग से संबंद्ध करने का आदेष जारी किया है। वर्तमान में जिले के बाकल क्षेत्रांतर्गत कोई भी गोदाम रिक्त नहीं होने तथा असामयिक वर्षा की स्थिति एवं कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के 10 उपार्जन केन्द्रों बाकल, सलैया पटोरी, इमलिया, कूड़ा, चांदनखेड़ा, मसन्धा, सिहुड़ी, बरही बाकल, बड़गांव और बकलेहटा को साइलो बैग से सम्बद्ध करने का निर्णय लिया गया है।

साइलो बैग आमतौर पर 60 से 75 मीटर एवं 2.75 मीटर व्यास वाला एक पॉलिथिन का बैग होता है। एक साइलो बैग में गेहूं 220 से 240



मेट्रिक टन भण्डारण किया जा सकता है। साइलो बैग को समतल जमीन पर रखा जाता है। जिले में स्थित साइलो बैग में लगभग 40,000 मे.टन गेहूँ का भण्डारण किया जा सकता है। साइलो बैग गेहूँ भण्डारण हेतु एक उपयुक्त व्यवस्था है। साइलो केन्द्र में किसानों से स्लॉट बुकिंग के बाद समय पर बुलाया जाता है।

यहां पहुंचने के बाद किसानों का नंबर आधे धंटे के भीतर आ जाता है। और इलेक्ट्रानिक तौल कांटे से तुलाई की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है और तौल पर्ची दी जाती है। तमाम तय गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने के बाद साइलो केन्द्र में गेहूँ रखा जाता है। साइलो केन्द्र में किसान के श्रम, अर्थ और समय की बचत होती है साथ ही गेहूँ असामयिक वर्षा आदि होने के बाद भी सुरक्षित रहता है।

विदित हो कि प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी गेहूं उपार्जन नीति और म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन के माध्यम से जिले में सलैया पटोरी बहोरीबंद स्थित मेसर्स व्ही. एस. 9 इन्फ्रा एण्ड स्टोरेज कम्पनी को अनुबंध में निहित शर्तों के अधीन कार्यादेश में उल्लेखित समयावधि 03 वर्ष के उपरांत अतिरिक्त 01 वर्ष हेतु बढाये जाने का लेख किया गया है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद नें शनिवार की देर शाम कृषि उपज मंडी समिति परिसर में बनाए गए बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। साथ ही स्ट्रांग रूम परिसर की सुरक्षा मे लगे जवानों को सजगता के साथ स्ट्रांग रूम की निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 19 अप्रैल को जिले की विधानसभा बड़वारा में मतदान संपन्न होने के बाद ईवीएम को यहाँ सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर समुचित सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान यहाँ 24 घंटे अधिकारियों की लगाई गई शिफ़्टवार ड़्यूटी तथा विजिटर पंजी का भी अवलोकन किया।

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं निगरानी के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र शहडोल की बडवारा विधानसभा के मतदान पश्चात कृषि उपज मंडी प्रांगण कटनी के स्ट्रांग रूम में जमा कराई गई ईव्हीएम एवं व्हीव्ही पीएटी मशीनों की 03 जून तक 24 घंटे सुरक्षा एवं निगरानी हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की साप्ताहिक दो-दो घंटे के अंतराल में डयूटी लगाई गई है। कृषि उपज मंडी समिति कटनी स्थित समस्त स्ट्रांग रूम की कानून व्यवस्था के प्रभारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी एवं नगर पुलिस अधीक्षक होंगे।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार प्रथम सप्ताह 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक नायब तहसीलदार बड़वारा सुश्री अनुराधा सिंह एवं इसरार खान की डयूटी लगाई गई है। इसी प्रकार द्वितीय सप्ताह में 27 अप्रैल से 3 मई तक नायब तहसीलदार सिलौंडी दिनेश कुमार असाटी एवं नायब तहसीलदार उमरियापान अजय मिश्रा को नियुक्त किया गया है। तृतीय सप्ताह में 4 मई से 10 मई तक नायब तहसीलदार बड़वारा सुश्री अनुराधा सिंह एवं इसरार खान को तथा चतुर्थ सप्ताह में 11 मई से 17 मई तक स्ट्रांग रूम की निगरानी हेतु नायब तहसीलदार सिलौंडी दिनेश कुमार असाटी एवं नायब तहसीलदार उमरियापान अजय मिश्रा को नियुक्त किया गया है। जबकि पांचवे सप्ताह में 18 मई से 24 मई हेतु नायब तहसीलदार बड़वारा सुश्री अनुराधा सिंह एवं इसरार खान की डयूटी लगाई गई है। इसी प्रकार छठवे सप्ताह में 25 मई से 31 मई तक स्ट्रांग रूम की निगरानी हेतु नायब तहसीलदार सिलौंडी दिनेश कुमार असाटी एव 'नायब तहसीलदार उमरियापान अजय मिश्रा को तथा सातवे सप्ताह मे 1 जून से 3 जून तक के लिए नायब तहसीलदार बड़वारा सुश्री अनुराधा सिंह एवं इसरार खान की डयूटी लगाई गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रसाद ने संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को ईव्ही मैनुअल सुरक्षा एवं अनुरक्षण व्यवस्था पोल्ड ईव्हीएम स्ट्रांग रूम तथा प्रोटोकाल ऑफ पोल्ड ईव्हीएम में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन के भ्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत करनें के निर्देश दिये है।

*जिला प्रशासन की पहल को अभिभावकों की मिली सराहना*

## पुस्तक मेला के आखिरी दिन रही भीड़ एक ही स्थान में मिली स्कूली सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर सुभाष चौक के समीप साधुराम स्कूल परिसर में आयोजित पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले के अंतिम दिन शनिवार को बच्चों और उनके अभिभावकों ने रियायती दरों पर कॉपी, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्रियां क्रय की।

ष्यहां मेला मे पहुंचे पालकों, अभिभावकों ने बताया कि पुस्तक मेला एवं मतदाता जागरूकता मेला आयोजित कराकर कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने नेक और पुण्य कार्य किया है। यहां बाजार की तुलना में



कम कीमत में पुस्तक, स्टेशनरी, कॉपी, यूनिफार्म आदि मिल रही है। जो वाजिब मूल्य है। पी.डब्ल्यू डी कॉलोनी निवासी मथुरा नामदेव कहते है कि कलेक्टर की इस सार्थक पहल से मुझे बच्चों की पुस्तकें खरीदने मे आसानी हुई। वहीं माधवनगर निवसी हरीश वाधवानी और संगीता ने भी कहा कि पुस्तक मेला में वाजिब मूल्य पर सभी सामग्री मिली। इसके लिए कलेक्टर सर के प्रति हार्दिक आभार...

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय पुस्तक मेला एवं मतदाता जागरूकता मेला का शनिवार को समापन हो गया। जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल द्वारा पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले के अंतिम दिन मतदाता गीत, भजन, नुक्कड़ नाटक , नृत्य एवं भाषण आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही स्वीप सेल द्वारा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से स्थल पर मौजूद नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी में भारत में ईव्हीम मशीन का निर्माण कौन सी कंपनी करती है ? ईव्हीएम का पूरा नाम क्या है? आदि प्रश्न नागरिकों से पूछकर उन्हें मतदाता गतिविधियों से जोड़ा गया। इन प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले बच्चों एवं नागरिकों को मंच पर सम्मानित भी किया गया।

### शासकीय महाविद्यालय बरही में हुईं जागरूकता गतिविधियां

## रैली एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान का आयाजन किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप भारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आागमी 26 अप्रैल 2024 को होने वाले होने वाले मतदान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

### नारों से जगाई अलख

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा जगह जगह रैली निकालकर, मानव श्रृंखला के माध्यम से




मतदान का महत्व बताते हुए मतदान पर केंद्रित नारों के माध्यम से लोगों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित गतिविधियों में महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों द्वारा बढ़ -चढ़कर सहभागिता की जा रही है। स्वीप अभियान के तहत आयोजित विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमो का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ मतदान का महत्व बताते हुए सभी को मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। रैली में स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने क्षेत्र के लोगो को जागरूक करने के लिए मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को, मतदान करने अवश्य जाएं, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, जागरूक देश की है पहचान, शत प्रतिशत हो मतदान, अंकल आंटी मान जाओ, वोट डालने की कसम खाओ, वोट हमारा है अनमोल, कभी ना लेंगे इसका मोल, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है आदि बुलंद नारो के उद्घोष से रासेयो स्वयंसेवको एवं विद्यार्थियों द्वारा लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वीप प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ. मंजुलता साहू तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, नगर परिषद बरही से तीरथ चतुर्वेदी, ब्रजेश मिश्र, रामलला तिवारी, पवन मिश्रा, अशोक सोनी, संतोष सोनी, स्वयंसेवक मतदाता जागरूकता एम्बेसडर विक्रम जायसवाल, रामभजन कुम्हार, निखिल द्विवेदी, राम कृपाल, रंजीत निखिल गुप्ता, शिवानी पांडेय, काजल, बलराम, अजय, सचिन, विनोद कचेर आदि रासेयो स्वयंसेवक एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 3891 मतदान कर्मियों को आज से दिया जायेगा तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 3891 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण जिले के 5 शैक्षणिक संस्थानों पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी, सेंटपाल उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी, नालंदा महाविद्यालय झिंझरी तथा सीएम राईज स्कूल झिंझरी, सैक्रेट हार्ट हायर सैकेंडरी स्कूल बस स्टैण्ड कटनी के कुल 31 कक्षों में रविवार 21 अप्रेल से 23 अप्रैल तक प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण शिशिर गेमावत द्वारा आदेश जारी कर मतदान दलों के कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करनें हेतु जिला स्तर एवं विधानसभा स्तर के 62 मास्टर ट्रेनर्स तथा 10 रिजर्व मास्टर ट्रेनरों को नियुक्त किया जाकर नियत तिथियों में प्रशिक्षण केन्द्रों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्रदाय करने के निर्देश दिए है। प्रशिक्षण हेतु 11 मास्टर ट्रेनरों की रिर्जव में डियूटी लगाई गई है।

### कहां कितने कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

निर्वाचन हेतु 21 अप्रेल से 23 अप्रैल तक आयोजित प्रशिक्षण अंतर्गत पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 1 से 10 तक में कुल 20 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 1434 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जबकि सेंटपॉल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिंझरी के 8 कक्षों कक्षों में कुल 16 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 937 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

नालंदा महाविद्यालय झिंझरी कटनी के दो कक्षों कक्षों में कुल 4 मास्टर टेनर्स द्वारा 288 मतदान कमियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जबकि सीएम राइज स्कूल झिंझरी के 4 कक्षों में 8 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 576 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार सैकेट हार्ट हायर सेकैंडरी स्कूल बस स्टैंड कटनी के 7 कक्षों में 14 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 656 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री शिशिर गेमावत ने शैक्षणिक संस्था प्रमुखों को प्रशिक्षण केन्द्र में बैठक, प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल व्यवस्था कराने के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र के सुरकी टैंक के पास शुक्रवार दोपहर बाइक सवार एक युवक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए युवक की 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि मूल रुप से सतना निवासी सचिन पिता विष्णुकांत मिश्रा 25 कटनी में किसी फाइनेंस कंपनी में प्राइवेट जॉब करता था। शुक्रवार दोपहर वह अपनी बाइक में सवार होकर बरही से कटनी की और आ रहा था। इसी दौरान सुरकी डेम के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसके कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हनुमान जंयती पर कल निकलेगी वाहन रैली

**कटनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जयंती के पावन अवसर पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मेन रोड़ के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रथम चरण में दिनांक 22 अप्रेल सोमवार सांयकाल 5.00 बजे मंदिर प्रांगण में विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से भ्रमण कर वापस मंदिर प्रांगण में सम्पन्न होगी। 23 अप्रेल दिन मंगलवार को हनुमान जंयती के उपलक्ष्य मे भव्य शोभा यात्रा का आयोजन मेन रोड़,सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, रघुनाथगंज लक्ष्मीनारायण मंदिर से खेरमाई मढ़िया, घंटाघर, होते होते हुये हनुमानगंज,हीरागंज, गोल बाजार होते हुये दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में समापन होगा। दिनांक 23 अप्रेल को दोपहर 1.00 बजे से विशाल भण्डार का आयोजन किया गया है। रात्रि 8.00 बजे पंच महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। रात्रि में भजन संध्या 8.30 बजे से आयोजन लकी उदय सोनी एवं पूजा तिवारी जबलपुर के द्वारा भजनों की सुन्दर प्रस्तुति दी जावेगी। मंदिर के पुजारी आनंद महाराज ने दो दिवसीय आयोजनों में भक्तों से समय पर पधारकर कार्यक्रम को सफल बनायें(

### होटल कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बस स्टैंड में एक होटल में काम करने वाला युवक पिछले तीन-चार दिनों से लगातार शराब के नशे में था। रात को उसकी तबीयत बिगड़ी थी और होटल के कर्मचारी उसको जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है। जानकारी के अनुसार नीरज पिता राम गोपाल विश्वकर्मा निवासी सुडौर जिला पन्ना कोतवाली थाना क्षेत्र के बस स्टैंड में एक होटल में काम करता था। होटल के कर्मचारियों ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से वह लगातार शराब का सेवन कर रहा था। गुरुवार की रात को नशे में ही अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह उल्टी करने लगा तो रात को कर्मचारी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया और शुक्रवार को शव का पीएम कराते हुए उसे स्वजनों को सौंप दिया। साथ ही मामले की जांच कर रही है।

### हनुमान जयंती में नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**सिलौंडी।** सिलौंडी में मुख्य बाजार के बरगद के नीचे श्री कुटी वाले हनुमानजी के पुराने मंदिर जीर्णोद्धार कर उसी स्थल पर एक नवीन मंदिर बनाया गया एवँ हनुमानजी जयंती के शुभ अवसर पर नवीन मंदिर में हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी । 23 अप्रैल 2023 को सुबह 8 बजे से पूजन और प्रतिष्ठा ,दोपहर 12 बजे से भंडारा एवँ रात में 8 बजे से सुंदर कांड एवं महाआरती होगी । कार्यक्रम में सभी भक्तों के शामिल होने की अपील की गयीं ।

## उमस भरी गर्मी से करही हाल बेहाल, घर से निकलना हो रहा मुश्किल

# मौसम के साफ होते ही बढ़ा तापमान, झुलसाने लगी सूर्य की तल्ख किरणें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बीते कुछ दिनों में मौसम में उतार चढ़ाव का दौर चल रहा है। बीते दिनों आसमान में बादलों के डेरे, बूंदाबांदी व हवाओं के चलने से चिलचिलाती धूप से जहां लोगों को थोड़ी राहत मिली थी लेकिन अब मौसम पूरी तरह साफ हो गया है और सूर्य की तल्ख किरणों से लोग झुलसने को मजबूर हो गये। बादलों की वजह से तापमान में गिरावट आई थी लेकिन जैसे ही मौसम साफ हुआ पारा फिर 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। सुबह 11 बजे के बाद तल्ख धूप झुलसाने लगती है।

### खाएं फल सब्जियां, खूब पिये पानी

बढ़ती गर्मी और लू की चपेट में आने से बचने के लिये यदि प्यास नहीं भी लगी हो, तो भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। नींबू पानी, छाछ, लस्सी, जूस और ओआरएस का घोल शरीर को पानी की कमी से बचाये रखता है। तरबूज, खरबूजा, संतरा, अंगूर, अनानास, खीरा आदि अधिक पानी की मात्रा वाले फल और सब्जियाँ खाएँ। घर से निकलते वक्त पानी की बॉटल साथ रखें।

### सीधी धूप से बचें

घर से बाहर निकलते वक्त अपने सिर को टोपी, दुपट्टे, छाता, गमछा या किसी अन्य कपड़े से ढँक कर ही निकलें, सीधी धूप में आने से बचें। अगर बाहर निकलना आवश्यक न हो, तो घर में ही रहें और अपने आवश्यक काम हो सके तो सुबह और शाम करें। टीवी, रेडियो, समाचार-पत्र आदि के माध्यम से तापमान पर नजर रखें। घर के ऐसे दरवाजे और खिड़कियाँ, जो सीधे धूप के प्रभाव में रहते हैं, उन्हें बंद रखें या पर्दे ड़ालकर रखें। इन्हें रात में शुद्ध हवा के लिये खोलें।

### ये बरतें खास सावधानी

डाक्टरों के अनुसार बच्चे, गर्भवती महिलाएँ, मानसिक रोगी, ब्लड प्रेशर, ह्रदय रोग आदि गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति अतिरिक्त सावधानी बरतें। सामान्यतः शरीर का तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस से 37.2 डिग्री सेल्सियस होता है। लू लगने पर तापमान में बढ़ोत्तरी, घमोरियाँ, हाथ-पाँव और टखनों में सूजन, बेहोशी, माँसपेशियों में ऐठन आदि हो सकती हैं। हीट स्ट्रोक ह्रदय, श्वसन और किडनी के मरीजों को परेशानी में डाल सकता है।

### इन लक्षणों पर डाक्टर से मिले

डाक्टरों का कहना है कि अगर आप धूप से आएँ हैं और चक्कर, बेहोशी, जी मचलाना, उल्टी, सिरदर्द, तीव्र, प्यास और साँस-धड़कन तेज हो गई है, तो फौरन ठंडे स्थान पर पहुँचे और ठंडे पेय पदार्थ लेना शुरू कर दें। खाना बनाते समय दरवाजा और खिड़की खोलकर रखें। चाय, काफी, साफ्ट ड्रिंक और जिनमें अधिक मात्रा में शक्कर होती है ऐसे पेय पदार्थों का सेवन न करें। यह पदार्थ शरीर के जल को कम करते हैं और पेट में मरोड़ उत्पन्न करते हैं। बासी भोजन करने से बचें। अधिकतम पानी का सेवन सर्वोत्तम है। अगर एक घंटे से अधिक समस्या रहती है, तो चिकित्सकीय सलाह लें।



# खबर प्रकाशन के बाद छत की कराई रिपेरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

लाखों रुपये का भारी भरकम बजट प्राप्त होने पर के बाद भी बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में हालात खस्ताहाल स्थिति में हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में कभी कहीं से टाइल्स उखड़ कर निकल जाती है तो कहीं पर से पुट्ठी निकल जाती है। बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में ठेकेदार व जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण शासन की लाखों रुपये की राशि व व्यय बजट पर सवालिया निशान लगने शुरू हो गए हैं। बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अनियमितताओं व कर्मचारियों की मनमानी किसी से छिपी नही है।

हरिभूमि में दिनांक 17, 04, 2024 को अस्पताल की लैब के छत का टूटकर गिर रहा प्लास्टर, मंडरा रहा खतरा शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी जिसके पश्चात लैब की छत में सुधार कार्य शुरू किया गया। अधिकारियों ने आनन फानन में अस्पताल की लैब की छत रिपेयरिंग का कार्य जितनी जगह से उखड़कर छत का मटेरियल गिरा था उतनी ही जगह में सीमेंट रेत का प्लास्टर करवाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे हैं जबकि लैब की पूरी छत ही कमजोर है पूरी छत को नए सिरे से बनवाने की आवश्यकता है ताकि अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों व जांच करवाने आनेवाले मरीजों के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी होने से रोका जा सके।

**आधा दर्जन निरीक्षक एवं 11 उप निरीक्षकों पर हुई कार्यवाही**

# निर्वाचन कार्य में लेट लतीफी करने पर लगाई फटकार, 1 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव जैसे महत्वपूर्ण दायित्व को निभाने में लापरवाही बरतने वाले जिला पुलिस बल के आधा दर्जन निरीक्षक एवं लगभग एक दर्जन उप निरीक्षकों की कार्यशैली से पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन बेहद नाराज हो उठे। चुनाव ड्यूटी में निर्धारित समय से दो घंटा लेट आने पर एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों को लताड़ लगाते हुए अर्थ दंड से दंडित किया। एसपी का सख्त रुख देखकर जिले के सारे पुलिस अधिकारी सख्ते में रहे। पुलिस अधीक्षक श्रीरंजन ने जहां इन पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली और लेट लतीफी के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें अर्थ दंड से दंडित किया, वहीं उन्हें भरी सभा में सख्त लहजे से दोबारा ऐसी चूक न करने की हिदायत भी दी।

आपको बता दें कि 18 अप्रैल को शहडोल लोकसभा क्षेत्र के मतदान को लेकर कृषि उपज मंडी में सामग्री वितरण किया जा रहा था। इस दौरान चुनाव ड्यूटी में लगाए गए सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदान सामग्री वितरण स्थल कृषि उपज मंडी में सुबह 6 पहुंचने के आदेश दिए गए थे। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा जारी किए गए आदेशों की अवहेलना करते हुए जिले के 6 निरीक्षक और 11 उप निरीक्षक निर्धारित समय से दो घंटा लेट सुबह 8 बजे कृषि उपज मंडी पहुंचे। पुलिस विभाग के अधिकारियों की यह लापरवाही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन को काफी नागवार गुजरी।

चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले जिन अधिकारियों पर अर्थ दंड लगाया गया उनमें कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा, कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर, अजाक थाना प्रभारी उत्तम लाल अहिरवार, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, एनकेजे थाना प्रभारी उप निरीक्षक नीरज दुबे, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक नवीन नामदेव, बड़वारा थाना प्रभारी उप निरीक्षक किशोर कुमार द्विवेदी, उमरिया पान थाना प्रभारी उप निरीक्षक सिद्धार्थ राय, बाकल थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनिल यादव, बस स्टैंड चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अंकित मिश्रा, खिरहनी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, झिंझरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र जायसवाल, बिलहरी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक गोपाल विश्वकर्मा, निवार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दुर्गेश तिवारी एवं सिलौड़ी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सीताराम बागरी को एक, एक हजार रुपए अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

## महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर निकली वाहन रैली



जियो और जियों दो के उद्घोषक एवं अहिंसा के प्रवर्तक भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल वाहन रैली धर्मप्रभावना हेतु महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर घंटाघर ,भगवती चौराहा, बरही रोड़, सराय, सिविल लाईन, कचहरी चौराहा, मिशन चौक, लखेरा, माधवनगर, हाउसिंग बोर्ड जैन मंदिर, पुरानी बस्ती, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार,सुभाष चौक से होते हुये बड़े मंदिर जी के सामने समाप्त हुई हाउसिंग बोर्ड में श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग.जैन मंदिर के सामने पार्श्वनाथ दिग.जैन सेवा समिति हाउसिंग बोर्ड द्वारा रैली में शामिल सभी सधर्मी बन्धुओं का आत्मीय स्वागत कर स्वपाहार कराया गया एवं सुधार न्यास कॉलोनी में मिथलेश जैन, राजकुमारी पार्षद द्वारा शीतल पेय का वितरण किया गया।

# गीत, भजन, नुक्कड़ नाटक, नृत्य से नागरिकों को दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देश पर संसदीय क्षेत्र खजुराहो के मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अधिक से अधिक सहभागिता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि व जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों के तहत शनिवार को कटाये घाट सुरम्य पार्क में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, एस.डी.एम प्रदीप मिश्रा मौजूद रहे।

निगमायुक्त एवं नोडल अधिकारी स्वीप विनोद शुक्ल के मार्गदर्शन मे शाम 5 बजे से लोकतंत्र पर्व के तहत कटाये घाट स्थित सुरम्य पार्क में मतदाता जगरूकता गीत, भजन, नुक्कड़ नाटक, नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर नागरिकों को आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपने मताधिकार का उपयोंग करने हेतु प्रेरित किया जाकर मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात, महाप्रबंधक उद्योग ज्योति सिंह, उपायुक्त पवन अहिरवार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी और स्थानीय जन मौजूद रहे।

**तीन माह तो किसी को 6 माह थाना में देनी होगी हाजिरी**

# कलेक्टर ने 5 आदतन अपराधियों के विरूद्ध की बाउंड ओवर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने तथा लोक व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के पांच आदतन अपराधियों के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए बाउंड ओवर की कार्यवाही का आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है।

### इन्हे देनी होगी 6 माह तक हाजिरी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिन पांच अपराधियों के विरूद्व बाउंड ओवर की कार्यवाही का आदेश जारी किया गया है उनमें बड़वारा थाना अंतर्गत मझगवां निवासी लक्ष्मी कांत उर्फ गुड्डा सोनी पिता बिहारी लाल सोनी उम्र 45 वर्ष तथा थाना बहोरीबंद ग्राम गाताखेडा निवासी लकी सोलंकी पिता स्वर्गीय नीरज सोलंकी उम्र 24 वर्ष के साथ ही थाना ढीमरखेड़ा के ग्राम सिलौडी निवासी संजय उर्फ छोटू कोल पिता मुन्ना कोल उम्र 23 वर्ष को 6 माह तक प्रतिमाह माह मे एक दिवस संबंधित थानों में उपस्थिति दर्ज करानें हेतु आदेशित किया गया है।

### इन्हे देनी होगी 3 माह उपस्थिति

जबकि दो अन्य प्रकरणों में थाना रीठी ग्राम बड़गांव निवासी गोविंद सोनकर पिता अशोक सोनकर उम्र 22 वर्ष तथा थाना कैमोर ग्राम पडरेही निवासी नीलेश सिंह गौंड उर्फ बड़ा भैया पिता अर्जुन सिंह गौंड उम्र 23 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउंड ओव्हर की कार्यवाही की जाकर तीन माह तक प्रतिमाह एक दिवस संबंधित थानों में उपस्थिति दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

### टॉप टेन सूची से हुआ बाहर

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जहां कटनी जिले का पुलिस बल बीते कुछ महीनो में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पहले स्थान पर काबिज था, वहीं ताजा रैंकिंग में कटनी जिला पुलिस बल टॉप 10 की सूची से भी बाहर निकल गया है। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में अचानक आई गिरावट ने पूरे डिपार्टमेंट को चिंता में डाल दिया है। पिछले महीने की रैंकिंग में जहां कटनी जिला पुलिस बल पहले स्थान पर काबिज था, वही इस बार जारी हुए ताजा रैंकिंग में पहले स्थान पर सिवनी जिला पुलिस बल ने अपना कब्जा जमा लिया है। जिला पुलिस बल के प्रदर्शन में अचानक यह गिरावट क्यों आई इस बात को लेकर विभागीय अधिकारी मंथन करने में जुट गए हैं। 1 से 31 मार्च 2024 तक के प्रदर्शन को देखते हुए जारी की गई ताजा रैंकिंग में कटनी जिले को 11वां स्थान प्राप्त हुआ है।

## जल संरक्षण की आवश्यकता के बारे में बच्चों को दी विस्तृत जानकारी

# प्राकृतिक जल स्त्रोतों को संरक्षित करने के उद्देश्य से निकाली जा रही रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




यूथ हॉस्टल एसोसिएशन द्वारा स्वर्ण जयंती उत्सव के अवसर पर पूरे मप्र में मोटर बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली का उद्देश्य आम जनों में जल के प्राकृतिक स्त्रोतों जैसे हमारे पुराने कुएं, छोटे तालाब, पोखर, बावड़ियां आदि को संरक्षित करने हेतु जनजागृति पैदा करना है बाइक रैली के जरिए 70 राइडर्स जल स्त्रोतों के संरक्षण का प्रदेश के विभिन्न नगरों में संदेश दे रहे हैं इस रैली का नेतृत्व संस्था के राष्ट्रीय 'चेयरमैन मनोज जौहरी कर रहे हैं, जो मध्यप्रदेश राज्य शाखा के राज्य चेयरमैन भी है। मोटर बाइक रैली का नेशनल चेयरमैन मनोज जौहरी के नेतृत्व में विगत दिवस नगर आगमन हुआ।

पीरबाबा बायपास में कटनी इकाई के गोपाल शर्मा, श्रीराम कुदरहा, वीरेंद्र सिंह, नवीन मित्तल, रानू जैन, शैलेंद्र जैन, सुशील कुशवाहा, के. एल. कनकने, अनिल नेमा, डॉक्टर आर. पी. पांडेय, मनीष जैन द्वारा दल का पुष्पहारों से स्वागत किया जिसके पश्चात दल को सायना इंटरनेशनल स्कूल लाया गया। यहां प्राचार्य डॉ. आदित्य शर्मा एवम स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया।

यूथ हॉस्टल के राष्टीय चेयरमैन मनोज जौहरी राज्य सचिव श्रीपाद कुंडले सायना प्राचार्य डॉ. आदित्य शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। आदित्य शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन में जल संरक्षण के लिए यूथ हॉस्टल द्वारा आयोजित इस अभियान एवम इसमें शामिल सदस्यो की बहुत सराहना की उन्होंने 2500 किलोमीटर की बाइक यात्रा द्वारा पुराने, जल स्त्रोत बचाने के जन जागरण को अनूठा एवम अभुतपूर्व बताया। मनोज जौहरी ने यूथ हॉस्टल द्वारा पूर्व में किए गए कार्यक्रमों की जानकारी के साथ राज्य के गोल्डन जुबली वर्ष के अवसर पर आयोजित पुराने जल स्त्रोत बचाओ अभियान एवम जल संरक्षण आवश्यकता के बारे में बारे में विस्तार से बताया। आपने बच्चो को इस कार्य के लिए सबसे श्रेष्ठ बताया। आपने इस अभियान के लिए सायना प्रबंधन द्वारा दिए गए सहयोग एवम सम्मान के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर सायना स्कूल के बच्चो द्वारा जल संरक्षण की थीम पर नृत्य नाटिका एवम गायन द्वारा शानदार प्रस्तुतिया दी गई। बाइक दल के सभी प्रतिभागियो एवम यूथ हॉस्टल के प्रमुख सदस्यो को सायना स्कूल की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इसके पश्चात सायंकाल सत्कार मैरिज गार्डन में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमे पुराने जल स्त्रोत बचाओ अभियान के बारे में उनके प्रश्नों की विस्तार से जानकारी मनोज जौहरी द्वारा दी गई। इसी अवसर पर इकाई सदस्यो से संवाद कार्यक्रम हुआ जिसमे यूथ हॉस्टल कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान एवम सदस्यो के प्रश्नों एवम समस्याओं पर समाधान नेशनल चेयरमैन द्वारा दिए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय चेयरमैन मनोज जौहरी का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इकाई द्वारा सभी बाइक राइडर की स्मृति चिन्ह एवम दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। आभार इकाई अध्यक्ष पंचम जैन ने किया जबकि कार्यक्रम का संचालन इकाई चेयरमैन गोपाल शर्मा एवम सचिव वीरेंद्र सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में उपाध्यक्ष श्रीराम कुदरहा, अमित सिंघई, रानू जैन, नवीन मित्तल, सुशील कुशवाहा, शैलेंद्र जैन, अंकित जैन सचिन सिंघई, नरेंद्र चैरसिया, मुकेश चंदेरिया, अनिल नेमा, दिनेश जैन, श्वेता सिंघई, अनीता सिंह का सहयोग रहा।

# शिकायतों के निराकरण में कटनी टॉप टेन में शामिल

**कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करने कहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले मे कटनी जिला प्रथम समूह के जिलों की सूची में टॉप टेन अग्रणी जिलों में शामिल है। शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण मे जिले ने 65.93 वेटेज स्कोर हासिल कर नौवा स्थान हासिल किया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने विभागों के अधिकारियों को सी.एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ कारगर पहल करने की हिदायत दी है। जिले को मार्च माह में प्राप्त कुल 7047 शिकायतों में से 36.09 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया।

### जिला पंचायत पांचवे पायदान पर

कलेक्टर श्री प्रसाद ने सी.एम हेल्पलाइन की शुक्रवार को जारी ग्रेडिंग में अपने समूह में कटनी जिले के जिला पंचायत को पांचवा स्थान अर्जित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूरे अमले को शाबाशी दी है। श्री प्रसाद ने भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ काम करने निर्देशित किया है।

जिला पंचायत ने 82.73 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है और 50.62 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। जिलेवार जारी पुलिस विभाग की ग्रेडिंग में समस्याओं के निपटारे के मामले मे 71.27 वेटेज स्कोर के साथ बी ग्रेड अर्जित किया है। वहीं नगर निगम द्वारा 49.86 वेटेज शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ससुराल आया युवक नशे की हालत में बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल

**पन्ना।** पन्ना जिले की सीमा से सटे गांव उत्तर प्रदेश के कालिंजर थाना अंतर्गत ग्राम गड्डिहा निवासी जगदीश कोंदर अपनी ससुराल अजयगढ़ आया हुआ था जहां अत्यधिक नशे की हालत में बाइक चलाते समय वह बाइक सहित सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ससुराल के लोगों के द्वारा गंभीर हालत में अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया है जहां इलाज जारी है। बताया गया है कि जगदीश कोंदर के सर एवं कंधे में गंभीर चोट आई है चेहरे में भी चोट बताई जा रही है जिससे उसकी हालत गंभीर है एवं जिला अस्पताल पन्ना में इलाज चल रहा है।

### महावीर जयंती पर आज नगरीय क्षेत्र में मांस की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**पन्ना।** आगामी रविवार, 21 अप्रैल को महावीर जयंती के मौके पर नगरीय क्षेत्र में संचालित मांस की दुकानें और पशुवध गृह बंद रहेंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं।

### रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए दल गठित

**पन्ना।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दिवस को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी से संबंधित सात तरह की रिपोर्ट व निर्धारित फॉर्मेट में जानकारी संकलित करने के उपरांत प्रस्तुत करने के लिए दल का गठन किया गया है। इसके लिए सहायक यंत्री धीरज चौधरी को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है, जबकि विधानसभावार पवई के लिए उपयंत्री श्यामदत्त पाठक, गुनौर के लिए श्रीकांत उपाध्याय और पन्ना के लिए प्रकाश चतुर्वेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 216 अतिथि शिक्षकों को सौंपा विशेष पुलिस अधिकारी का दायित्व

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर लोकसभा निर्वाचन में मतदान स्थल एवं अन्य ड्यूटी के लिए 216 अतिथि शिक्षकों को विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) नियुक्त किया है। पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 17 (2) में निहित प्रावधान के तहत मतदान केन्द्रों और अन्य सुरक्षा ड्यूटियों के लिए नियुक्त एसपीओ को 25 से 27 अप्रैल तक के लिए उक्त दायित्व सौंपा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी को 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे से पुलिस लाइन पन्ना में आयोजित प्रशिक्षण में संबंधित अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

### तीन अपराधियों को किया जिला बदर

**दमोह।** मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक राजेश सींग लोधी पिता काशीराम सींग लोधी निवासी ग्राम खैजरा खुर्द थाना हटा, अज्जू उर्फ अजित पिता दरवारी अहिरवार निवासी ग्राम बकायन थाना बटियागढ़ एवं हल्ले ऊर्फ रामकिशुन पिता मोहन यादव निवासी थाना बटियागढ़ को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदक को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा।

---

एक शाम दिव्यांगों के साथ कार्यक्रम संपन्न

# दिव्यांग मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें यही हमारा उदेश्य है-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




आप सभी का आभारी हूं कि आप सभी इतनी बड़ी संख्या में यहां पर उपस्थित हुए है। आपको बुलाने का सबसे पहला उद्देश्य यह था कि आगे आने वाले समय में 26 अप्रैल को मतदान होना है। निर्वाचन आयोग और हमारा सबसे ज्यादा इस बात पर फोकस है कि दिव्यांग मतदाताओं और 85 साल से अधिक उम्र वाले मतदाताओं को किसी भी प्रकार से मतदान में कोई दिक्तत न हो। दिव्यांग मतदाता शत-प्रतिशत अपने मतदान का उपयोग उसी तरह करें जैसे की सामान्य मतदाता करते है, यह हमारा उद्देश्य है। इस आशय के विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज कलेक्टर कार्यालय के भू-तल पर स्थित सभाकक्ष में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित एक शाम दिव्यांगों के साथ कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल स्वीप अर्पित वर्मा, सहायक नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य पीजी कालेज केपी अहिरवार मौजूद थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा आप सभी यहां आये है, यदि आप यहां पर उपस्थित है, मुझे लगता है आप सभी वोट करने जायेंगे। क्या मैं आप से वचन ले सकता हूं कि आप सभी 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करेंगे। इस पर सभी दिव्यांगो ने अपनी सहमति दी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा एनसीसी के विद्यार्थियों को मतदान केन्दों में स्वयं सेवक के रूप में लगा रहे है, एनसीसी का विद्यार्थी सिपाही वाली ड्रेस में होगा, आप उसको आराम से पहचान सकते है, वह आपके मतदान केन्द्र तक जाने में मदद करता है। अधिकतम मतदान केन्द्रों में व्हीलचेयर की व्यवस्था कराने का प्रयास कर रहे है और परिवहन की व्यवस्था उन लोगों के लिये करा पायेंगे जो लोग एप के माध्यम से आवेदन करेंगे। मेरा आप सभी से निवेदन है कि इस एप का अधिक से अधिक उपयोग करिये, आयोग भी यही चाहता है और हम भी यही चाहते है कि आपके लिए वहां पर सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये।

उन्होंनें कहा मतदान के बारे में आपको अश्वस्त करना चाहता हूं, कि हम लोग हर संभव सुविधा आप लोगों को प्रदान करने का प्रयास करेंगे, ताकि आप लोग निर्विघ्न तरीके से और पूरी सुविधा के साथ मतदान कर सकें।

उन्होंनें कहा यदि आपके परिवार में, पड़ोस में मतदाता है तो आप उन्हें भी बताइये कि मतदान करना ही है। किसी भी स्थिति में हम मतदान करें। मतदान के कर्तव्य से हम पीछे नहीं हटेंगे। दिव्यांग व्यक्ति का कष्ट दिव्यांग व्यक्ति ही समझ सकता है, उन्होंने कहा मैं यह मानता हूं कि जीवन की बाकी परेशानियों के साथ हम पूरी ताकत से उनका सामना कर के आगे बढ़ रहे है। इस बात के लिये आपको प्रणाम करता हूं कि सारी असुविधाएं सारी विपरीत परिस्थितियां होने के वाबजूद भी आपके अंदर एक जोश एक जजबा है, जो आपको अपनी जिंदगी गरीमामय तरीके से जीने के लिए आपको आगे बढ़ाता है।

उन्होंने कहा आयोग ने एक एप बनाया है जिसका नाम है सक्षम इसके माध्यम से आप व्हीलचेयर के लिए आवेदन कर सकते है, जिससे आपको व्हीलचेयर मिल जाती है, यदि आपको मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए गाड़ी की जरूरत है, इसके लिये भी अपना आवेदन एप में करेंगे तो आपको गाड़ी मिल जायेगी और यदि आपको किसी स्वयं सेवक यानि वालेंटियर की जरूरत है, तो उसकी भी सुविधा एप में दी गई है। उन्होंने सभी से आग्रह किया सक्षम मोबाईल एपलीकेशन को डाउनलोड करिये और साथियों से भी कहिये। आप सभी का कर्तव्य बनता है कि आप यह बात सभी तक पहुचाईये की सभी लोग सक्षम एप को डाउनलोड करें। सक्षम एप में जिन-जिन के आवेदन हमारे पास आते है, हम वहां पर परिवहन की व्यवस्था, व्हीलचेयर और वालंटियर की व्यवस्था कराने का काम करेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अर्पित वर्मा ने कहा इस समय स्वीप गतिविधियां चल रहीं है। 26 अप्रैल को मतदान है, उन्हें सक्षम एप की जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से व्हीलचेयर, वालेंटियर या अन्य जरूरत को सक्षम एप के माध्यम से आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि दिव्यांगो को अधिक से अधिक सक्षम एप के बारे में बताये। मतदान करने में यदि कोई समस्या आती है तो वे हमें सूचित करें। कोशिश की जायेगी की सभी मतदान केंद्रों पर रेम्प हो, उन्हें कोई और दिक्कत न हो इसके लिये हमने एनसीसी से वालेंटियर भी लगाये है, जो स्वयं अपने मन से आये है। ताकि किसी भी दिव्यांग मतदाता को किसी तरह की मदद चाहिए हो तो वे तत्काल उपलब्ध रहें। इसके अलावा परिवहन की भी सुविधा दे रहे है, यदि कोई दिव्यांग मतदाता सक्षम एप से आवेदन करता है तो हमारी पूरी कोशिश रहेगी कि हम उसे मतदान केन्द्र तक ले जाये। हमारी कोशिश है कि जितने भी जिले में दिव्यांग मतदान है वे शत-प्रतिशत मतदान करें। इस अवसर पर फिजीयोथैरेपिस्ट डॉ रियाज कुरैशी, सिद्धार्थ जवारकर, जितेन्द्र चौधरी, सौरभ खरे, दिव्यांगजन तथा पंचायत एवं सामाजिक न्याय के कर्मचारीगण मौजूद थे।

---

मतदाता जागरूकता रैली में कलेक्टर हुए शामिल

# रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया रवाना




**हटा।** लोकसभा निर्वाचन एक राष्ट्रीय कार्य है इसमें हर मतदाता की भागीदारी होनी चाहिए हर संभव प्रयास कर मतदाताओं तक अपनी पहुंच बढ़ाए इसके लिए मतदाता जागरूकता (स्वीप) गतिविधियों को रोचक व उद्देश्यपूर्ण बनाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाए जानें शनिवार को कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने एमएलबी स्कूल से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर स्वयं भी मतदाता रैली में शामिल होकर लोगो से मतदान करने अपील की। मतदाता जागरूकता रैली एमएलबी स्कूल से प्रारंभ होकर खचना नाका राय चौराहा मंदिर मस्जिद चौराहा से होते हुए पुन एमएलबी स्कूल में पहुंची इस मतदाता जागरूकता रैली में सभी विभागों के प्रमुख एवं कर्मचारियों सहित डाइट संस्थान की छात्राएं दिव्यांगजन एमएलबी की छात्राएं विद्यालय के छात्रों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका सहित शिक्षकों एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने रैली में शामिल होकर मतदाताओं तथा उनके परिजनों से आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए आग्रह किया रैली समापन उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगो को शपथ दिलाई गई।इस आयोजन के लिए एसडीएम राकेश सिंह मरकाम और उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा बहुत व्यवस्थित रूप से इस आयोजन को किया है छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा, इसी तरह के कार्यक्रम सभी क्षेत्रों में लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। हम सभी का यह प्रयास है कि जिले का वोटिंग प्रतिशत 80 प्रतिशत से ऊपर जाए और हम पूरे प्रदेश के सामने एक नई मिसाइल बने।इस जागरूकता रैली में एसडीएम व रिटर्निंग अधिकारी राकेश मरकाम तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी सीईओ बीएस यादव परियोजना अधिकारी शिवराय आजीविका मिशन प्रबंधक संदीप सिंह थाना प्रभारी मनीष कुमार मास्टर ट्रेनर एके सिंह माधव पटैल के साथ शिक्षा विभाग से शिक्षक शिक्षिकाओं सहित राजस्व विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# मास्टर टेनर्स की लगाई गई ड्यूटी

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराये जोन हेतु कार्यालयीन आदेश द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को जिला/विकाखण्डवार पदाविहित किया गया है। मतदान दलों के अधिकारियों को 22 अप्रैल 2024 तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह में प्रातः 11 बजे से शाम 04:30 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु अपर कलेक्टर एवं उप जिला निवार्चन अधिकारी मीना मसराम ने मास्टर टेनर्स की ड्यूटी लगाई है। विकासखण्ड दमोह, पथरिया, जबेरा, तेंदूखेड़ा के लिये शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जबलपुर नाका के कक्ष क्रमांक 01 में मास्टर ट्रेनर मेहरबान कुशवाहा एवं भूपेन्द्र इन्दुरख्या, कक्ष क्रमांक 02 में लक्ष्मण प्रसाद विश्वकर्मा एवं नीरज खरे, कक्ष क्रमांक 03 में श्री कान्त एवं जय कुमार जैन तथा कक्ष क्रमांक 04 में प्रशान्त खरे एवं शैलेन्द्र दुबे की ड्यूटी लगाई गई है, जो कि कुल 208 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने संबंधित मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित करते हुए कहा है कि अपनी उपस्थिति प्रशिक्षण प्रारंभ होने के 30 मिनिट पूर्व अपने निर्धारित कक्ष में सुनिश्चित करेंगे। आपकी अनुपस्थिति अथवा विलंब से उपस्थित होने के कारण यदि प्रशिक्षण प्रभावित होता है तो संपूर्ण जबावदारी आपकी निर्धारित की जायेगी तथा अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

# सब जेल हटा में विधिक सहायता केम्प का आयोजन



**हटा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत सबजेल हटा में माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीष श्रीमति अर्चना सिंह द्वारा सबजेल हटा में विधिक सहायता केम्प अंतर्गत जेल के बंदियों से विधिक सहायता के लिए जानकारी लेते हुए जेल में बंदियों की परेशानियों से अवगत होकर उनकी जानकारी ली। वही स्वास्थ विभाग की ओर से खंड चिकित्सक अधिकारी डां.यूएस पटैल द्वारा बंदियों का उपचार एवं उन्हें परामर्श दिया गया। विशेषज्ञ चिकित्सक डां.विराज मोहन पांडे द्वारा बंदियों की जांच कर उन्हें उचित उपचार प्रदान कर स्वस्थ रहनें की सलाह दी गई। इस संपूर्ण आयोजन में 87 पुरूष बंदियों को स्वास्थ एवं विधिक सहायता प्रदान की गई।इस मौके पर जेल अधीक्षक नागेन्द्र चौधरी स्वास्थ विभाग से हेमंत राजपूत हरिशंकर साहू ब्रजेश डिम्हा उदयकुमार दुबे सहित जेल स्टॉफ की मौजूदगी रही।

# अच्छा स्वास्थ्य ही असली सम्पदा : प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश

### जिला जेल दमोह में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न




**दमोह।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री अजय प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में जिला जेल दमोह में बंदियों के लिए विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर जिला चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री धर्मेश भट्ट खास तौर पर मौजूद थे।प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश श्री अजय प्रकाश मिश्र ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा अच्छा स्वास्थ्य ही असली सम्पदा है, अपने स्वास्थ्य का उचित ख्याल रखें, आज के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनके परामर्श अनुसार दवा का सेवन करें तथा अपने समय को ईश्वर की भक्ति में लगायें। उन्होने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में अधिक से अधिक पानी का सेवन करें तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखें। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री धर्मेश भट्ट ने बंदियों को सम्बोधित करते हुये बंदियों के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, मुलाकात का अधिकार, पढ़ने-लिखने, मनोरंजन, धर्मपालन, उपचार का अधिकार, बंदियों के अधिकारों, प्लीबारगेंनिंग प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बंदियों से प्रतिदिन योगा करने की प्रेरणा दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री रजनीश चैरसिया ने कहा आज के कार्यक्रम में विधिक सहायता के पैनल अधिवक्ता भी उपस्थित है, विधिक सहायता प्राप्त बंदी अपने अधिवक्ताओं से चर्चा कर अपने प्रकरण की अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम का आभार उपजेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति द्वारा किया गया। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउसिल मनीष नगाईच, मदन कुमार जैन, श्रीमती प्रेक्षा पाठक, सुश्री रिचा त्रिपाठी, सुश्री तुहीना मजूमदार, सुश्री शिवानी पाराशर, मेडीकल आफीसर डॉ. विजय पचौरिया, सर्जिकल आफीसर डॉ. उमेश तंतवाय, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुधा राय, सायानोलॉजिस्टिक्स डॉ. रविन्द्र कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनू शर्मा, ई.एन.टी. डॉ. यू.वी, रेड्डी, दंत चिकित्सक डॉ सोमेश मिश्रा, लैब टेक्निशियन दिनेश सोनी, एड्स काउंसलर दिनेश असाटी, वार्डवॉय विमलेश ठाकुर, पैनल अधिवक्तागण, जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे।

# प्रशासन व पंचायत बनी अंजान, पटनातमोली ग्राम पंचायत के तालाब में अतिक्रमण पर नहीं लग रहा विराम



नियम क्यों बनाये गये तालाबों की जमीन जब नक्से में खसरे में दर्ज रहती है तो फिर उस जमीन में अतिक्रमणकारियों क्या छूट रहती है। पंचायत तथा प्रशासन की मिलीभगत के चलते तालाब की जमीन निजी मकानों के निर्माण से सतत खत्म होती जा रही। बनते मकान व छत ढलने के बाद आशियाने के रूप में लोगों के द्वारा स्वयं अपने हित को लेकर शासकीय सम्पत्ति तालाब की जमीन का खुलेआम उपयोग।

**मकान बनाकर छत डालकर लोग बना रहे अपने आशियाने, आखिर पंचायत व प्रशासन क्या अतिक्रमण को लेकर दे रही खुली छूट**

**पन्ना।** जल ही जीवन है यह नारा सदियों से लगाया जाता है। जल की उपयोगिता को लेकर ग्राम पंचायतों व गांवों में तालाबों के निर्माण कराये गये। हालात बदले अब तालाब की जमीन भी सुरक्षित नहीं। अतिक्रमणकारियों की चपेट में अस्तित्व विहीन करते हुए स्वयं के उपयोग में लोग मकान निर्माण कर रहे है। पंचायत अनभिग्य बन जाती है। यह दास्ता जिले की गुनौर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना तमोली की बनी हुई है। जहां गांवों से लगी हुई तलैया की जमीन जोकि सतत अतिक्रमणकारियों की चपेट में आ चुकी है। लोग अतिक्रमण करके पक्के मकान छत डालकर बाखूबी बना रहे है। पंचायत की सायद खुली छूट है। वहीं राजस्व प्रशासन व पुलिस प्रशासन की मिलीभगत भी इन अतिक्रमणकारियों के ऊपर बाखूबी कृपा के चलते ये हालात बने हुए है। विगत कई वर्षों से इस तालाब की जमीन को निजी मकान के रूप में बनाने का सिलसिला सतत जारी है। कई बार स्टे के रूप में कागज तहसील से जारी हो जाती है वहीं यह स्टे सायद मकान निर्माण के लिए पट्टे का काम करता है। ऐसे हालात देखने को मिलते है। कहने को सार्वजनिक तालाब की भूमि जो शासकीय नक्से व खसरे में दर्ज रहती है पर प्रशासन व पंचायत की मिलीभगत के चलते अतिक्रमणकारियों द्वारा सतत पक्के मकान निर्माण करते हुए धड़ल्ले से छत डालकर अपने आशीयाने बनाये जा रहे है। आखिर कहां है कानून। कौन पालन करायेगा कानून का, शासकीय जमीन पर निजी आशीयाने की किसकी मेहरबानी से साफ जाहिर होता है पंचायत व प्रशासन की मिलीभगत के चलते गांवों में शासकीय तालाब की जमीन में अतिक्रमणकारियों के द्वारा पक्के मकान बनाकर छत ढालते हुए अपनी निजी सम्पत्ति के रूप में उपयोग में लाई जा रही है। अस्तित्व विहीन होते जा रहे तालाब आखिरकार कौन है जिम्मेदार। गुनौर के तहसील के एसडीएम रामनिवास चौधरी से तो आपका कहना है कि मैं अभी नया आया हूं इस संबंध में कोई आवेदन नहीं आया है। यानि की अतिक्रमणकारियों को रोकने के लिए साहब को आवेदन की जरूरत। इस हालात में कैसे बचेगी शासकीय जमीन यह तो जवाब ही बयां कर रहा। वहीं थाना प्रभारी सलेहा सरिता तिवारी से भी बात की गई तो आपका कहना है संबंधित जमीन में अतिक्रमण को लेकर स्थगन आदेश आदि के बारे में जानकारी चाही गई तो आपका कहना है कि चुनावी समय में मैं अभी कार्यक्रमों में लगी हुई हूं इस संबंध में जानकारी नहीं यानि की साफ जाहिर होता है कि चुनाव के समय में अतिक्रणकारियों के ऊपर यह बड़ी मेहरबानी बनी हुई है। प्रशासन की चुनाव के चलते अतिक्रमणकारी तालाब की जमीन में पक्के मकान बनाकर अपनी सम्पत्ति के रूप में उपयोग करने के लिए बेहतर समय मानते है। तभी तो यह निर्माण कार्य जारी है। तालाब की जमीन मे प्रशासन अंजान बना हुआ है पंचायत भी मेहरबान है कैसे बचे तालाब। जल ही जीवन के नारे का हो रहा खात्मा सार्वजनिक तालाब की जमीन अब कौन बचायेगा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अपनी व्यवस्थतता चुनाव को लेकर बताते हुए पल्ला झाड़ रहे है। पंचायत स्थानीय होने के कारण विरोध नहीं करना चाहती है हालात तालाब को सुरक्षित रख पाना अब आसान नहीं सतत तालाब की जमीन अतिक्रमणकारियों की चपेट के चलते पक्के मकान व छत ढलकर हो रही तब्दील जिम्मेदार बने बेखबर।

# जैन मिलन ने की भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर तैयारी की बैठक



**दमोह।** जैन मिलन वरिष्ठ शाखा की बैठक का आयोजन शाखा के मंत्री एवं नव निर्वाचित अध्यक्ष वीर ऋषभ जैन खडेरी के निज निवास वसुंधरा नगर पर शाखा अध्यक्ष अतिवीर ऋषभ जैन (स्टेशन मास्टर) की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शाखा के वरिष्ठ जनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर महावीर प्रार्थना करने के बाद बैठक प्रारंभ की जिसमें शाखा मंत्री ऋषभ जैन (खडेरी) ने पूर्व बैठक का वाचन कर माह के कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए सिद्ध क्षेत्र कुंडलपु मे सभी निर्यापक एवं साधु जन की अगवानी एवं आचार्य पदारोहण कार्य क्रम मे जैन मिलन की सहभागिता एवं विभिन्न कार्यो की समिति बना कर संपूर्ण जिम्मेदारी पूर्वक कार्य कर सफलता प्रदान की, क्षेत्र कमेटी एवं कार्य क्रम संयोजक कमेटी तथा सभी आगंतुकों ने जैन मिलन शाखा की भूमिका की खूब प्रसन्शा की, बैठक के बिंदुओं से अवगत कराते हुए बैठक की कार्रवाही शुरू की ,सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर शाखा द्वारा कार्य क्रम पर वीर पदम् जुझार, डॉ एल सी जैन मोती लाल गोयल जी एवं वीर संतोष जैन के पी जैन ने अपने विचार रखे, कार्य क्रम के संयोजक हेतु वीर राज कुमार जैन को नियुक्त कर विमान जी की शोभा यात्रा, एवं जैन मिलन का पंडाल,जिसमे बैठने हेतु, तथा पीने के पानी की उत्तम व्यवस्था कर सभी सदस्यों को शाखा की नवीन पोशाक में सम्मिलित हो कर कार्य क्रम सफल बनाने हेतु प्रस्ताव पारित हुआ, द्वितीय बिंदु भारतीय जैन मिलन के स्थापना दिवस पर शाखा द्वारा किये जाने वाले कार्य क्रम हेतु शाखा वरिष्ठ वीर यू सी जैन को कार्य क्रम संयोजक बनाया गया, उन्हीं के द्वारा कार्य क्रम निर्धारित कर बहुत सुंदर एवं अद्वितीय कार्य क्रम की रूप रेखा बनाई गयी जिसमे जैन मिलन के सिद्धांतों का संपूर्ण समाज मे उपयोगिता हेतु प्रचार प्रसार पर, तथा पाठशाला के बच्चो के संस्कार पर आधारित कार्य क्रम रहेगे। वरिष्ठ शाखा के सम्मानीय सदस्य अतिवीर इंजी आर के जैन साब, जो की कुंडलपुर ट्रस्ट कमेटी के महामंत्री के पद पर है के अथक प्रयास एवं लगातार दिन रात की मेहनत से जो सभी निर्यापक एवं साधुओ की अगवानी एवं आचार्य पदारोहण कार्य क्रम को सफलता एवं निर्विघ्न पूर्ण होंने पर शाखा सदस्यों वीर राजीव, वीर सतीश जैन संदीप सराफ वीर सुनील जैन,ने उन्हे हार मुकुट से सम्मानित कर साधुवाद प्रेषित किया।,वीर के सी जैन ऋषभ जैन ने आभार आज की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का एवं ऋषभ जैन खडेरी द्वारा बैठक हेतु की व्यवस्था एवं उत्तम स्वादपूर्ण स्वल्पाहार,की व्यस्था का आभार प्रकट कर अरहंत वंदना के बाद बैठक पूर्ण की गई।

खबर संक्षेप

## भगवान महावीर का जन्म कल्याणक आज

कुंडलपुर दमोह। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के चर्तुविध संघ के सानिध्य में



प्रातः 6:30 बजे प्रभात फेरी श्री जी का पालना भगवान महावीर स्वामी के चित्र के साथ गाजे-बाजे से मानस्तंभ परिसर से प्रारंभ होकर बड़े बाबा मंदिर तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। बड़े बाबा मंदिर में भक्तांमर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा, पूजन ,महावीर पूजन एवं पूज्य मुनि श्री के मंगल प्रवचन होंगे ।दोपहर 3:30 बजे श्री जी की शोभायात्रा कुंडलपुर ग्राम का भ्रमण करती हुई ज्ञानसाधना केंद्र के सामने अभिषेक पूजन का कार्यक्रम संपन्न होगा ।मिष्ठान वितरण किया जाएगा। सायंकाल बड़े बाबा मंदिर में भक्तांमर दीप अर्चना ,पूज्य बड़े बाबा की संगीत मय महाआरती होगी ।मानस्तंभ परिसर में रात्रि में पालना झुलाना एवं भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ ने भक्त श्रद्धालुओं से कुंडलपुर पधारकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## मतदान दलों के साथ सेक्टर ऑफीसरों का प्रशिक्षण आज एवं कल

दमोह। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु विधानसभा क्षेत्र 55-दमोह एवं 56-जबेरा के मतदान दलों के साथ सेक्टर ऑफीसरों का प्रशिक्षण 21 एवं 22 अप्रैल को शासकीय मॉडल कॉलेज बरपटी में प्रातः 11 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार पदाविहित किये गये सेक्टर ऑफीसरों से कहा है कि निर्धारित दिनांक, स्थल एवं समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्यतः उपस्थित होना उपस्थित होना सुनिश्चित किया जाये।

## मुख्य सचिव आशीष शुक्ला का आगमन आज

दमोह। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी लोकसभा क्षेत्र 07 दमोह में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य सचिव आशीष शुक्ला उर्फ राजू भैया जी का शुभ आगमन दमोह आगमन में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के समस्त कार्यकर्ता हर्ष उल्लास के साथ मुख्य सचिव जी का भव्य स्वागत एवं अगवानी करेंगे जिसमें दमोह लोकसभा क्षेत्र 07 के पटेरा ब्लॉक बड़ा मलहरा, धौरा, शाहगढ़, बंडा, जबेरा, हटा में तीन दिवसीय दौरा करेंगे जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी लोकसभा क्षेत्र 07 दमोहके प्रत्याशी भैया विजय पटेल के पक्ष में भव्य रोड शो करेंगे। जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी भैया विजय पटेल जघन जनसंपर्क करते हुए समाज का अपार समर्थन मिलता हुआ जिसमें पथरिया बटियागढ़ गढ़ाकोटा रहली में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाते हुए समाज से अपील करते हुए की आज समाज को सत्य धर्म की यात्रा तय करने की जरूरत है।

## मोदी जी की राम-राम घर घर जाकर बोल रही है राधिका सिंह

दमोह। भारतीय जनता पार्टी दमयंती नगर मंडल आम चौपरा में दमोह लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार राहुल सिंह लोधी के पक्ष में उनकी धर्मपत्नी भाजपा नेत्री डॉ राधिका सिंह लोधी ने आम चौपरा में भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी के पक्ष सघन जन-संपर्क कर विजय दिलाने का आह्वान कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की राम-राम घर घर जाकर बोली जहां आम चौपरा वालों ने मोदी जी की राम राम स्वीकार किया। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष पंडित मनीष तिवारी ने भाजपा उम्मीदवार राहुल सिंह लोधी के पक्ष में जन संपर्क किया।

### तेलन मार्ग घाटी, पटी सुरेखा, भजिया झांदा सहित अनेक पहाड़ियों को काटकर बनी सड़के

# नजर हटी दुर्घटना घटीः दुर्गम घाटियों पर बनी खतरनाक सड़कों की हालत जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार









जनपद जबेरा में दर्जनों सड़क मार्ग ऐसे हैं जहां की दुर्गम घाटियों पर बनी सड़कों पर पग-पग में डेंजर पाइंट हैं। वाहन चलाते समय जरा भी नजर हटी तो दुर्घटना घट सकती है। इन सड़कों में माला पोंड़ी लिंक रोड की तेलन मार्ग घाटी, पटी सुरेखा, भजिया झांदा सहित बंसीपुर से गिदरा की दुर्गम पहाड़ियों को काटकर मुद्दतो पहले सड़के बनाई गई थी लेकिन इन सड़कों की मरम्मत नहीं होने से जर्जर हो चुकी है आवागमन के लिए वनांचल में इकलौते मार्ग होने की वजह से खतरों के बीच आवागमन चालू है, लेकि न यह सड़के सुगम व सुरक्षति नहीं हैं। क्योंकि सड़कें तो बन गईं, लेकि न सड़कों में समलेविल चौड़ाई, सीधी घाटी की चढ़ाई कम करके सुरक्षति व सुगम आवागमन की दृष्टि से इन सड़कों का निर्माण नहीं कि या गया। नतीजन दुर्गम घाटियों में इन सड़कों पर घुमावदार अंधी मोड़ों पर सीधी खड़ी दुर्गम घाटी पर सपाट सड़कें कही नहीं दिखाई देती। शासन के द्वारा इन घाटियों पर सड़कें बनाकर आवागवन के रास्तों के रुप में विकसित तो कर कैंदिया, लेकि न सड़कों के जरिए इन दूरस्थ पिछड़े गांव का विकास का मार्ग आज भी कठिनाइयों से भरा है। जिससे इन सड़कों से घाटियों के नीचे बसे गांव के लोग आवागमन तो करते हैं, लेकि न इन सड़कों पर आने जाने में कतराते हैं। क्योंकि इन खतरनाक घाटियों से वाहन चालकों की जरा सी चूक यानि हादसा घटित होने का खतरा हर पल बना रहता है। यहां पर वाहनों का आवागमन पल- पल खतरे से होता है। पटी सुरेखा व भाजिया, झादा घाटी तेलन मार्ग घाटी की कु छ स्तथि ऐसी है। यथास्तिथि में दुर्गंम घाटियों को काटकर बनाए इन मार्गो को उपयोगिता की बात की जाए तो इन मार्गो से जबलपुर-कटनी जिला से जोड़ने वाले कम दूरी के हाइवे से हटकर शार्ट कट बहुउपयोगी मार्ग है। समय की मांग के साथ इन दुर्गंम घाटियों की सीधी चढ़ाई को कम करते सड़क सेफ्टी का ध्यान रखते सुगम बना दिया जाए तो यह मार्ग जिले के सबसे उपयोगी मार्ग होने के साथ समीपी बसे सैकड़ों गांव के विकास को गतिमान करने वाले मार्ग साबित होंगे।ढहैरानी की बात तो यह है कि माला पोंड़ी लिंक सड़क का निर्माण तीन बार हो चुका है, लेकि न मार्ग की दुर्गम घाटी तेलन मार्ग को छोड़कर दोनो साइड सड़क निर्माण कर दिया गया है जिससे सवाल उठता है कि माला पोंड़ी लिंक रोड से दुर्गम घाटी पर सुगम सुरक्षति आवागमन के लिए शासन के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद घाटी को यथास्तिथि में छोड़ने की वजह से इस सड़क की उपयोगिता के औचित्य पर ही सवाल खड़ा हो रहा है। हालांकि विभागीय अधिकारी कह रहे हैं कि इस घाटी की कटाई के लिए वन विभाग से एनओसी सहित घाटी कटाई तमाम कार्यवाही अंतिम दौर में है।

## डम्पर की टक्कर से बाईक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

तेंदूखेड़ा। दोपहर में झरोली तिगडडा के पास वाईक सवार दो लोगो ने एक अज्ञात डम्फर ने सामने से टक्कर मारदी जिस कारण दोनो वाईक सवार गम्भीर घायल हो गए जिन्हे अस्पताल लाया गया था लेकिन गम्भीर हालत होने के कारण दोनो घायल जिनमें गुड्डा लोधी 45 निवासी बकस्वाहा छतरपुर एवं कल्लू लोधी 50 कनचनपुरी दमोह को जबलपुर मेडीकल कालेज रिफर किया गया था। लेकिन रास्ते में गुडडा लोधी की मौत हो गई जबकि कल्लू को भर्ती कराया गया है। बताया है कि दोनो सैलवाड़ा ग्राम के पास ग्राम धरीदुलेहरा में रिस्तेदार की शादी में शामिल होने जा रहे थे लेकिन रास्ते में घटना घटित हो गई। डम्फर घटना के बाद फरार हो गया है। तेंदूखेड़ा पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर मामला दर्ज किया है। लेकिन मृतक का पास्टमार्टम जबलपुर मेडीकल कालेज में किया जाएगा।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

तेंदूखेड़ा। शुक्रवार की शाम 6 बजे तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाने के पीछे व्यारमा नदी किनारे खेतों में एक 18 वर्षीय युवक अनिल उर्फ भूरा पिता किशन गौड़ उम्र 18 वर्ष ने अज्ञात कारणों के चलते पेड़ से फांसी के फंदे से लटकर आत्महत्या करली है। घटना की जानकारी लगते ही तारादेही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को सुबह पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा भेजा गया। बताया गया है कि मृतक युवक सुबह बकरियां को लेकर जंगल गया था और वापस आकर उसने घर के पास ही खेतों में जाकर व्यारमा नदी किनारे पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी है। तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया कि युवक द्वारा पेड़ से फांसी लगाकर जान देने का कारण अज्ञात है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर रही है।

## निर्वाचन कार्य में ड्यूटी ना लगे इसके लिए तरह तरह के उपाय कर रहे कर्मचारी

पथरिया। लोकसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही जैसे ही निर्वाचन कार्य में कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा तो कई कर्मचारी ड्यूटी कटवाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे हैं जनपद पंचायत में सचिव ड्यूटी से बचने के लिए तहसील कार्यालय में अटैच होने का तो कोई कुछ बहाना करके ड्यूटी कटवा लें रहें है। कई कर्मचारी ऐसे हैं जो कभी चुनाव की ड्यूटी में जाना नही चाहतें और आखिरी तक ड्यूटी कटवाने में सफ़ल हो जातें हैं नकली मेडीकल बन जाते हैं तो जिला निर्वाचन कार्यालय में बाबू से मिल जुलकर प्रयास कर लेते हैं कुल मिलाकर चुनाव में जाना ना पड़े इसके लिए हर तरह के उपाय कर लेते हैं जनपद में कई सचिव ऐसे हैं जो चुनाव ड्यूटी में नही जातें तहसील में अपनी ड्यूटी लगवा लेते हैं जबकि बीएलओ तक की ड्यूटी लगाई जाती है फिर ऐसे कर्मचारी कैसे बच जाते हैं समझ से परे है। जिला निर्वाचन अधिकारी से अपेक्षा है जिन कर्मचारियों ने एक प्रशिक्षण के बाद इधर उधर ड्यूटी व मेडिकल बनवाए गए हैं उनकी निष्पक्ष जांच कराई जाए वही जिन अधिकारियों की संलिप्तता सामने आए उन पर भी कार्यवाही की जाएं।

## कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

बनवार। भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भागवत कथा के आयोजन से श्रोताओं में खुशी का माहौल है। यह बात कथावाचक पंडित उमाशंकर शास्त्री जी बनवार विवेकानंद परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कही। आगे उन्होंने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई वसुदेव देवकी के बंदी गृह में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ जिसके बाद बसु देव जी ने बालक को लेकर गोकुलधाम नंद बाबा यशोदा के पास छोड़ आए और वहां कृष्ण जन्म का उत्सव मनाया गया। इस दौरान सभी भक्तों ने भागवत की आरती उतारी और प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा वाचक ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा वाचक जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्तों का उद्धार व पृथ्वी को दैत्य शक्तियों से मुक्त कराने के लिए अवतार लिया था। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग व उनके जन्म लेने के गूढ़ रहस्यों को कथा व्यास ने बेहद संजीदगी के साथ सुनाया। कथा प्रसंग सुनाते हुए कथा व्यास ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। कथा का संगीतमयी वर्णन सुन श्रद्धालुगण झूमने लगे। इस दौरान कथा में बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न,दिये गये अहम दिशा निर्देश

दमोह। मतदान सामग्री वितरण के दौरान खासतौर पर मेडिकल किट में दवाईयों का विशेष ध्यान रखा जाये जिसमें हार्ट, ओआरएस के साथ जीवन रक्षक दवाईयां आवश्यक रूप से रखी जाये, मेडीकल काउंटर विधानसभावार पंडाल में बनाये जायें, होम वोटिंग की टीम ने बहुत सराहनीय कार्य किया है। यह बात आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक में व्यक्त किये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम, सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर, डिप्टी कलेक्टर सहित नोडल अधिकारी



मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा मतदाता जागरूकता, पोस्टर आदि सामग्री पहले से ही मतदान केन्द्रों पर सचिवों के माध्यम से पहुंचाई जाये। सामग्री वितरण एवं जमा काउंटर पर भीड़ ना हो, किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिये। सामग्री वितरण के दौरान फोटोकापी मशीन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा वाहनों के ड्राईवर निर्वाचन के महत्वपूर्ण अंग हैं, उनके लिये दवाईयां, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। वाहनों में डीजल, पैट्रोल का स्टॉक रिजर्व रखा जाये। वाहनों में जीपीएस सिस्टम सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कम्युनिकेशन टीम विधानसभा क्षेत्र के अनुसार रहेगी। टीम के सदस्य सहायक रिटर्निंग आफिसर के अंडर में रहेंगे, एक टीम जिला स्तर पर कार्य करेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने ड्राइंग के माध्यम से नोडल अधिकारियों को सामान वितरण एवं जमा करने के संबंध में जानकारी से अवगत कराया। बैठक मे वाहन, टेबिल कुर्सी, माईक व्यवस्था, मेडीकल किट, मतदाता सूची, जागरूकता पंपलेट, बैलेट पेपर, फलोचार्ट, कम्युनिकेशन, बिजली, पेयजल, सामग्री वितरण एवं जमा करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

## भूमि एवं आजीविका के मुददों पर हुआ विमर्श



हिण्डोरिया। जन संगठन एकता परिषद के बैनर तले ग्राम ढौंडा-मदनपुरा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मुखिया बैठकों का आयोजन किया गया। इस बारे मे म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात्त खान ने बताया कि बैठक में वंचित, दलित, आदिवासियों वन्य-निवासियों, भूमिहीनों के जल जंगल जमीन एवं इनकी आजीविका से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई । बैठक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की धरातलीय स्थिति, पात्र हितग्राहियों की उनतक पहुँच के अलावा वनाधिकार कानून, भूराजस्व कानून, मनरेगा कानून, बेदखली, केन बेतवा लिंक परियोजना,बफर जोन आदि पर भी चर्चा की गई । साथ ही आगामी 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा के चुनाव में बडी. संख्या मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया गया। बैठक मे भूपेन्द्र सिंह, अयोध्या प्रसाद, रक्कू आदिवासी,बलराम पटेल, लल्लू सिंह आदिवासी, धन्नू सिंह,मोहन आदिवासी, सुंदर आदिवासी, पुन्ना आदिवासी, पंचम सिंह आदिवासी ,परसू सिंह, जग्गू गौड़, कोमल गौड़ सहित अनेक मुखिया साथियों ने भाग लिया।

# कलेक्टर ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर की मतदान करने की अपील, सुनी समस्यायें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ

शनिवार सुबह दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर मडियादो पहुंचे जहा उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से मतदान करने की अपील की। इसके अलावा मतदाताओं को पर्ची का वितरण कर मतदान करने अवश्य जाने की बात कही। अपने बीच कलेक्टर को देखकर ग्रामीणों द्वारा समस्याओं से अवगत कराया गया जिसके निदान के निर्देश कलेक्टर द्वारा अधीनस्थ अमले को दिए गए।

### जल समस्या से कराया अवगत

मडियादो पहुंचे कलेक्टर को ग्रामीणों द्वारा कस्बे में फैले जलसंकट से अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने बताया की पूरा गांव पेयजल समस्या से जूझ रहा है। हैंडपंप से पानी कम हवा ज्यादा निकलती है इसके अलावा नलजल योजना से पानी की पर्याप्त पूर्ति नही हो पा रही है। सबसे ज्यादा समस्या धर्मशाला मुहल्ला, इंदिरा कालोनी, मदनटोर, आदिवासी टोला सहित अन्य भाग है जहां पानी की समस्या है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया की जोगी डाबर, सबधारा जलाशय में पानी भरे रहने से से कस्बे के कुआ, बोर, हैंडपंप में जलस्तर अच्छा रहता था लेकिन अब यह जलाशय कचड़े और गंदगी से भरे है । अगर इन जलशयो की सफाई ओर गहरीकरण होता है तो कस्बे का जलस्तर साल भर अच्छा बना रहेगा। कलेक्टर द्वारा मौका स्थल पर पीएचई विभाग के अधिकारियो को क्षेत्र में कार्य करने ओर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। वही जोगीडाबर जलाशय की सफाई ओर गहरीकरण के लिए हटा जनपद सीईओ बीएस यादव को निर्देशित किया। इस दौरान उपार्जन केन्द्र मडियादो का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण द्वारा भंडारण स्थान न होने , सर्वेयर द्वारा की आई डी धारण न करने, अनाज की गुणवत्ता के मीटर मौका स्थल पर न मिलने जैसी कमियां सामने आई। इस दौरान जनपद सीईओ बीएस यादव, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कार्य चालू कर अवगत कराएं

ग्राम पंचायत मादो के चदेना पहुंचे कलेक्टर द्वारा मतदान करने की ग्रामीणों से अपील की गई। साथ ही ग्रामीणों के कहने पर प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान आगनबाड़ी केंद्र के सामने भवन निर्माण के लिए दो माह पहले खोदे गए गड्ढे देखकर नाराजगी जाहिर की। बच्चो और माताओं को आंगनबाड़ी केंद्र जाने के लिए रास्ता बनाने बात कही साथ ही कार्य बंद क्यों है की जानकारी लेकर कार्य शुरू करने के आदेश दिए।

# युवक कांग्रेस शहर अध्यक्ष सहित सैकड़ो युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



### विकसित भारत में निहित है युवाओं का भविष्य, इसलिए भाजपा से जुड़े रहे युवा - प्रीतम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित होकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सहित सैकड़ो युवाओं ने जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिलाध्यक्ष ने सभी युवाओं को भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में युवक कांग्रेस शहर अध्यक्ष आयुष दुबे, शशांक मिश्रा, मयंक दुबे, आदि युवा रहे। प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभांवित हो रहा है। साथ ही युवाओं के लिए नवीन उद्योग और व्यवसाय के लिए भी योजनाएं संचालित है। भाजपा सरकार के राष्ट्र प्रथम और विकसित भारत संकल्प अभियान से प्रभावित होकर युवा भाजपा से की सदस्यता ले रहे हैं, विकसित भारत में ही युवाओं का सुनहरा भविष्य निहित है, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सहित सैकड़ों युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, सभी युवाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवार और भाजपा परिवार में स्वागत करते हैं। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सहित जिला उपाध्यक्ष अरूण तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेश कशिसिया, अरूण सोनी ने सभी युवाओं का भाजपा परिवार में स्वागत किया।